तापमान
अधिकतम 25.0 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, शुक्रवार 26 दिसंबर 2025

[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]

14 मोदी की पहल से अटल की संकल्पना हो रही साकार,...



14 जिले में नक्सलवाद गिन रहा अंतिम...




## खबर संक्षेप

### कच्चे में महिला स्व सहायता समूह का हुआ अभिनन्दन



**भानुप्रतापपुर।** सुशासन दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत कच्चे में स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत के साग्राही कावेरी महिला समूह को ज्वाला प्रसाद जैन द्वारा महिला स्व सहायता समूह को शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर महिला स्व सहायता समूह के हेमलता भुआर्य, महेश्वरी भुआर्य सदर बती बढ़ाई सहित महिलासदस्य उपस्थित रही।

### रियूनियन टीम को झंडी दिखाकर किया रवाना



**कांकेर।** 1992 बीएससी पासआउट बैच का चौथा रियूनियन 25 से 27 दिसंबर तक हैदराबाद में आयोजित किया जा रहा है। शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में इस अवसर पर पूरी रियूनियन टीम को नगरपालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक एवं महाविद्यालय के प्रोफेसर एनआर साव, शरद ठाकुर, विजय बेसरा, प्रधानाध्यापक मनोज हड़प ने भगवा झंडी दिखाकर रवाना किया। रियूनियन के सदस्यों राजकुमार राठौर, यशवंत जैन, चरण ठाकुर, सरिता भास्कर ने रियूनियन के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि हमारा रियूनियन ग्रुप आपसी सौहार्द एवं पारिवारिक माहौल के बीच ऐतिहासिक स्थलों की सिर्फ सैर ही नहीं करता, अपितु मौका मिलने पर रक्तदान, वृक्षारोपण और सामाजिक मूल्यों पर भी खरा उतरने की कोशिश करता है।

### पांढरपुरी हल्बा समाज को मिला सामुदायिक भवन

**भानुप्रतापपुर।** भानुप्रतापपुर के ग्राम पांढरपुरी में विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने आदिवासी हल्बा समाज को 5 लाख रूपए की लागत से निर्मित सामुदायिक भवन की सौगात दी। इस भवन के माध्यम से हल्बा समाज अपने सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सामुदायिक कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक संचालन कर सकेगा। विधायक ने कहा कि सामुदायिक भवन समाज को संगठित करने के साथ-साथ सामाजिक एकता और विकास को मजबूती प्रदान करेगा। इस अवसर पर सरपंच विमला गोटा, जनपद सदस्य वरुण खापर्डे, यामिनी जैन, गोपाल राठी, कृष्णा केड़ाम, जीवन चौरिया, चन्द्रशेखर यदु, प्रतिमा यदु, देवबती रावटे, मनीराम खड़हे, उदय रावटे सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### हल्बा समाज ने सीएम को किया आमंत्रित

**कांकेर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में अखिल भारतीय राष्ट्रीय महासभा हल्बा हल्बी समाज के प्रतिनिधिमण्डल ने सौजन्य मुलाकात की। प्रतिनिधिमण्डल ने मुख्यमंत्री को 20 जनवरी 2026 ग्राम खैरवाही जिला बालोद में आयोजित होने वाले क्रांतिकारी अमर शहीद गैंदसिं के 201 वी शहादत दिवस समारोह कार्यक्रम में शामिल होने हेतु आमंत्रित किया। इस अवसर पर अध्यक्ष मंतुराम पवार, जीआर राणा, श्याम सिंह तारण एवं देवेंद्र सिंह भाऊ सहित समाज के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### कोकपुर में 29 को वार्षिक देव मेला

**कांकेर।** शहर से लगे कोकपुर का मेला 29 दिसंबर को आयोजित किया गया है। ग्रामीणों से मिली जानकारी अनुसार प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी सोमवार 29 दिसंबर को कोकपुर का वार्षिक देव मेला का आयोजन किया जा रहा है। मेला में आसपास के देव, डांग, डोली आएंगे। मेला की तैयारी को लेकर ग्रामीण जुट गए है। मनोरंजन के लिए रात्रि कालिन कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है।

**समागम :** संत रामाबालक दास महात्यागी की दहाड़ से गूंजा कोरर का हिंदू समागम

# समाज को बांटने एवं विसमता फैलाने का जो प्रयास करे, वह हिंदुत्व का सबसे बड़ा दुश्मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कोरर में आयोजित भव्य हिंदू समागम उस समय ऐतिहासिक बन गया, जब मंच से पाटेश्वर धाम के संत रामबालक दास महात्यागी ने ओजस्वी और प्रखर शब्दों में हिंदू समाज को जागरूकता, एकता और सनातन संस्कृति की रक्षा का संदेश दिया। उनके तेजस्वी उद्बोधन से पूरा पंडाल "जय श्रीराम" और "सनातन धर्म अमर रहे" के नारों से गूंज उठा। भजन-कीर्तन ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

- हिंदू समाज की सबसे बड़ी ताकत उसकी एकता है, उसे सभी को बनाए रखना जरूरी

मुख्य वक्ता संत रामबालक दास महात्यागी ने अपने उद्बोधन में कहा कि रामराज्य में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं था। सभी समान रूप से मिल-जुलकर रहते थे। जब समाज में विषमता उत्पन्न होती है, तो उसके पीछे सामाजिक एकता को तोड़ने की साजिश होती है। उन्होंने कहा कि जाति, लालच, ▶▶|शेष पेज 12 पर






### मतांरित युवक की कराई घर वापसी

कोरर निवासी संतोष निषाद ने कोरर के हिंदू समागम में पहुँचकर इसाई धर्म को छोड़कर अपने धर्म में वापिस आने की घोषणा करने पर संत रामबालक दास महात्यागी ने उसकी घर वापिसी करवाई ओर संतोष निषाद ने जय श्रीराम के नारे भी लगाए और उसने घोषणा किया कि मैं भटक गया था और फिर से बिना दबाव के में अपने समाज में वापिस आ गया हूँ।



### भारत की आत्मा सनातन संस्कृति में बसती है

सह प्रांत प्रचारक नारायणदेव नामदेव ने कहा कि हिंदू समागम केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सामाजिक जागरण और आत्मचिंतन का मंच है। भारत की आत्मा सनातन संस्कृति में बसती है और इसकी रक्षा करना हम सभी का कर्तव्य है। हमारे पूर्वजों ने त्याग, तपस्या और बलिदान से जिस संस्कृति को जीवित रखा, उसे आगे बढ़ाना हमारी जिम्मेदारी है। यदि युवा शक्ति सही दिशा में संगठित हो जाए, तो कोई भी चुनौती बड़ी नहीं रह जाती।

### समाज को सही दिशा दिखाना उद्देश्य

हिंदू समागम कोरर के संयोजक सेवकराम गावड़े ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य हिंदू समाज को एक मंच पर लाकर सांस्कृतिक चेतना, सामाजिक समरसता और राष्ट्रहित के प्रति जागरूक करना था। इस प्रकार के समागम केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज को सही दिशा देने का माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी ऐसे आयोजन किए जाएंगे। उन्होंने युवाओं से नशा, हिंसा और आपसी भेदभाव से दूर रहकर राष्ट्र और धर्म की सेवा में आगे आने का आह्वान किया।



### कलश यात्रा निकली व अतिथियों का हुआ स्वागत

हिंदू समागम के शुरूआत होने से पहले महावीर चौक स्थित हनुमान मंदिर में महिलाएं एकत्र हुई और पूजपा पाठ करके कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा मुख्य चौक होते हुए कार्यक्रम स्थल मेला ग्राउंड, कोरर तक पहुँची। मंच पर पाटेश्वर धाम के संत रामबालक दास महात्यागी, सह प्रांत प्रचारक नारायण नामदेव, विभाग संघ चालक काशी प्रसाद तिवारी, मंजू कोसरिया, साहू समाज के जिलाध्यक्ष वंशी साहू तथा हिंदू समागम कोरर के संयोजक सेवकराम गावड़े सहित अन्य अतिथियों का स्वागत किया गया। पास में स्थित मंच पर सर्व समाज के अध्यक्ष का भी स्वागत किया गया।

## भानुप्रतापपुर भट्ठी में मिलावटी शराब, ओवररेटिंग व कोचियागिरी पर आक्रोश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

भानुप्रतापपुर की अंग्रेजी शराब भट्टी एक बार फिर विवादों के घेरे में है। शराब प्रेमियों और स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि यहां मिलावटी शराब खुलेआम बेची जा रही है, वहीं तय दर से अधिक कीमत वसूली जा रही है। इसके बावजूद न तो आबकारी विभाग सक्रिय दिख रहा है और न ही किसी ठोस कार्रवाई की खबर सामने आ रही है।

स्थानीय लोगों के अनुसार अंग्रेजी शराब भट्टी का संचालन कर रहे मैनेजर करणवीर गुप्ता कथित तौर पर सफेदपोश संरक्षण के साये में मनमानी कर रहे हैं। आरोप है कि आम उपभोक्ताओं से ओवररेट शराब बेची जाती है और जब कोई सवाल करता है तो उसके साथ गाली-गलौज और बदसलूकी तक की जाती है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि भानुप्रतापपुर क्षेत्र के कई गांवों में देशी और अंग्रेजी शराब कोचियों द्वारा खुलेआम बेची जा रही है। सूत्रों का दावा है कि यह सब बिना किसी ऊपर की मिलीभगत के संभव नहीं हो सकता। जब भी अवैध शराब की बात सामने आती है, तब पुलिस विभाग ही कभी-कभार कार्रवाई करता नजर आता है, जबकि आबकारी विभाग की भूमिका सवालों के घेरे में है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि आबकारी अमला कुंभकर्णी नींद में सोया हुआ है या फिर पर्दे के पीछे से पूरे खेल को संरक्षण मिल रहा है। देशी शराब दुकानों में भारी मिलावट की शिकायतें लगातार आती रही हैं, लेकिन आश्चर्यजनक रूप से आज तक किसी बड़ी जांच या ठोस कार्रवाई की पुष्टि नहीं हुई। मिलावटी शराब और ▶▶|शेष पेज 12 पर

## तेज रफ्तार पिकअप ने मारी टक्कर, बाइक सवार बुजुर्ग घायल, चालक पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

थाना चारामा क्षेत्र अंतर्गत पेट्रोल पंप चारामा के पास लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने का एक गंभीर मामला सामने आया है। धमतरी से कांकेर की ओर जा रही एक पिकअप वाहन के चालक ने तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए बाइक सवार एक बुजुर्ग को सामने से ठोकर मार दी। इस हादसे में बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए चारामा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।




घटना की जानकारी घायल के बेटे द्वारा थाना चारामा में दी गई, जिसके आधार पर पुलिस ने पिकअप वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार जुनवानी निवासी 63 वर्षीय अमरचंद नागराज पिता ओमलाल नागराज ने शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि 24 दिसंबर को दोपहर करीब 2 ▶▶|शेष पेज 12 पर

## दुर्गूकोंदल सरपंच संघ में दो फाड़, एक ने किया प्रदर्शन, दूसरे गुट ने बनाई दूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



विकासखंड दुर्गुकोंदल के सरपंचों ने 15 वें वित्त आयोग और डीएमएफ से निर्माण कार्य नहीं मिलने पर चक्काजाम की चेतावनी दिया था। चक्काजाम शुरू होने के पहले ही सरपंच संघ के दो फाड़ हो गए। एक गुट ने गुरुवार को दुर्गुकोंदल मुख्य चौक में करीब 8 घंटे तक चक्काजाम किया। एसडीएम भानुप्रतापपुर को ज्ञापन सौंपते हुए चेतावनी दी कि यदि 10 दिवस के भीतर डीएमएफ से निर्माण कार्यों की स्वीकृति नहीं दी गई, तो हाहालद्दी के बंजारी मंदिर मार्ग पर अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन एवं चक्काजाम किया जाएगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

सरपंच संघ की अध्यक्ष एवं भाजपा मंडल महामंत्री शकुंतला नरेटी ने चक्काजाम से दूरी बनाते हुए कहा कि उन्हें इस आंदोलन की जानकारी नहीं थी और उनके साथ 28 सरपंच हैं, जो चक्काजाम में शामिल नहीं हुए। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके नाम के लेटरपैड का दुरुपयोग किया जा रहा है और चक्काजाम से उनका कोई लेना-देना नहीं है। इसके अलावा चक्काजाम करने वाले सरपंच संघ के सचिव मुकेश गावड़े, सरपंच रामप्रसाद गावड़े एवं कुबेर दर्रो ने बताया कि वे पिछले तीन महीनों से पंचायत ▶▶|शेष पेज 12 पर

## इंटरक्रॉपिंग लाभ की किसानों को जानकारी दी और किया प्रदर्शन

**कांकेर।** रामप्रसाद पोटाई कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर एवं रिसर्च स्टेशन सिंगारभाट द्वारा किसानों को इंटरक्रॉपिंग के प्रति जागरूक करने के लिए प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत खेत में गेहूं एवं सरसों की इंटरक्रॉपिंग का प्रत्यक्ष प्रदर्शन किया गया, जिसमें 6 कतार गेहूं और 1 कतार सरसों का प्रयोग करते हुए 6:1 अनुपात अपनाया गया। छात्रों ने किसानों को इस फसल प्रणाली के वैज्ञानिक महत्व एवं व्यावहारिक लाभों की जानकारी दी। इस पद्धति से भूमि का बेहतर उपयोग, उत्पादन में वृद्धि, जोखिम में कमी तथा अतिरिक्त आय



प्राप्त होने के लाभ बताए गए। इस कार्यक्रम में रवे के छात्र यागेंद्र साहू, विवेक साहू, यशवंत यादव, यामिनी वर्मा, लेखिका पोटाई एवं ▶▶|शेष पेज 12 पर

## मंदिर में आगजनी का आरोपी गिरफ्तार, पूछताछ में दो वारदातों का हुआ खुलासा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

अंतागढ़ थानांतर्गत कानागांव एवं पेवारी के शीतला माता मंदिर में आगजनी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा। आरोपी ने शीतला मंदिर के अंदर पूजा समाग्रीयों में लाग दिया था। जिसके बाद थाना में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी।

अंतागढ़ थाना में 20 दिसंबर को ग्राम कानागांव में अज्ञात व्यक्ति द्वारा ग्राम स्थित शीतला माता मंदिर के अंदर आगजनी का शिकायत दर्ज कराया गया। घटना स्थल के लिए तत्काल पुलिस बल रवाना हुआ। तस्दीक उपरांत घटना के संबंध में में प्रारंभिक जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। पुलिस लगातार अज्ञात आरोपी का पतासाजी का प्रयास करने लगी। ग्रामीणों एवं आसपास के लागो से पुछताछ में पता चला कि एक बाहरी व्यक्ति को गांव व शीतला मंदिर के आसपास देखा गया था। उक्त व्यक्ति के हुलिया व कद काठी के संबंध मे महत्वपूर्ण जानकारी पुलिस को मिली। इसी दौरान 24 दिसंबर को ही ग्राम पेवारी स्थित शीतला माता मंदिर में इसी प्रकार की घटना सामने आया। दोनो मामला में एफआईआर दर्ज करते हुए उच्चाधिकारियों के मार्गदर्शन में अज्ञात आरोपी पतासाजी के लिए थाना प्रभारी अंतागढ़ रमेश कुमार जायसवाल व उपनिरीक्षक आलोक सुबोध के नेतृत्व मे दो अलग टीमें गठित की गई। दोनो ही टीमों द्वारा आसपास के क्षेत्रों में संदिग्ध आरोपी के संबंध मे पुछताछ की जा रही थी। पुछताछ में ग्रामीणों को पूर्व में कानागांव में हुई घटना के संदेही के कद काठी व हुलिया के बारे मे बताने पर ग्रामीणों द्वारा तस्दीक किया गया और 23 दिसंबर को संदिग्ध व्यक्ति को मंदिर में देखा गया था। आमबेड़ा थानांतर्गत बड़ेपेजोंडी के पास आरोपी को पुलिस टीम द्वारा पकड़ा गया। आरोपी का पहचान पेवारी के ग्रामीण द्वारा ▶▶|शेष पेज 12 पर

**पूर्व पीएम अटलजी ने छत्तीसगढ़ राज्य का गठन कर दी सौगात: सांसद नाग**

# अटल प्रतिमा का अनावरण, जनप्रतिनिधियों ने अटल के विकास विजन को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

देश के महान विचारक, कवि तथा भारत रत्न से सम्मानित पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 101 वीं जयंती के उपलक्ष्य में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा प्रदेशभर के 115 नगरीय निकायों में अटल परिसर का लोकार्पण एवं प्रतिमा का अनावरण किया गया, जिसका मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने वर्चुअली तौर पर लोकार्पण किया। नगर पालिका कांकेर के घड़ी चौक में अटल परिसर का लोकार्पण एवं अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण अतिथियों के द्वारा किया गया। आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम के 25 दिसंबर को सांसद भोजराज नाग ने संबोधित करते हुए कहा कि भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी का देश और छत्तीसगढ़ राज्य में विशिष्ट

- सीएम ने कांकेर सहित प्रदेश में 115 अटल परिसर का किया वर्चुअल लोकार्पण




योगदान रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य का गठन उनकी ही देन है। उन्होंने भारत को आत्मनिर्भर व विकसित बनाने की नींव रखी थी, जिसे आने वाली पीढी को भी सदैव स्मरण रखना चाहिए।

विधायक आशाराम नेताम ने अपने उद्बोधन में कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने जहां एक ओर अंत्योदय विकास का धरातलीकरण किया वहीं रक्षा के क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनाया तथा उनके योगदान को कभी देश भूल नहीं सकता। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष अरूण कौशिक ने भी अपने सारगर्भित उद्बोधन में अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन दर्शन और योगदान पर संक्षिप्त प्रकाश डाला। इस अवसर पर राज्य हस्तशिल्प बोर्ड की अध्यक्ष शालिनी राजपूत, पूर्व विधायक देवलाल दुग्गा, सुमित्रा मारकोले, शिशुपाल शोरी, नगर पलिका के उपाध्यक्ष उत्तम यादव, पार्षद में उगेश्वरी उइके, मीरा सलाम, हितेंद्र खटवानी, चित्ररेखा जैन, शकुंतला जैन, मंजू सारथी, सलीम मेमन के अलावा भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन, टेकेश्वर जैन, राजीव लोचन सिंह, राजा देवनानी, अशोक वलेचा, दीपक खटवानी, रवि तिवारी, दिनेश रजक, जयंत अटभैया, राकेश शर्मा एवं अन्य भाजपा नेताओं के अलावा ▶▶|शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### श्रमिकों के पंजीयन के लिए माकड़ी में शिविर 29 को

**कोण्डागांव।** श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों को शासकीय योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कोण्डागांव विकासखण्ड के ग्राम पंचायत माकड़ी में 29 दिसंबर को विशेष श्रमिक पंजीयन शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर के दौरान निर्माण श्रमिकों एवं असंगठित कर्मकारों का नया पंजीयन, नवीनीकरण तथा विभागीय योजनाओं के आवेदन प्राप्त कर उनका निराकरण किया जाएगा। पंजीयन एवं नवीनीकरण के लिए श्रमिकों को आधार कार्ड परिवार के सभी सदस्यों का, राशन कार्ड, बैंक पासबुक एवं मोबाइल फोन साथ लाना अनिवार्य होगा। वहीं असंगठित कर्मकारों के पंजीयन हेतु आय प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना होगा। श्रम विभाग ने क्षेत्र के सभी पात्र श्रमिकों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि को शिविर में उपस्थित होकर पंजीयन कराएं और शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करें।

### आपदा पीड़ित वारिसों को चार लाख की आर्थिक सहायता

**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नुपुर राशि पन्ना द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6–4 के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा पीड़ित के वारिसों को 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि प्रदान की गयी। कलेक्टर द्वारा माकड़ी तहसील के ग्राम तमरावण्ड निवासी भवानी की सर्पदंश मृत्यु होने पर माता प्रेमबती, पिता जगदेव, भाई बलराम, भवन, बहन संध्या को आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गयी है। उक्त स्वीकृत आर्थिक सहायता राशि सम्बन्धित वारिसों के बैंक खाते में हस्तांतरित करने के निर्देश सम्बन्धित तहसीलदार को दिए गए हैं।

### उद्योग उन्नयन योजना उद्यमियों को मिलेगा संबल

**कोण्डागांव।** केंद्र सरकार द्वारा सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना संचालित की जा रही है। इस योजना का क्रियान्वयन जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र कोंडागांव के माध्यम से किया जा रहा है। योजना के अंतर्गत कृषक उत्पादक संगठन, स्व सहायता समूह, उत्पाद सहकारिताएं एवं सहकारी समितियों को उनकी सम्पूर्ण मूल्य श्रृंखला में साझा सेवाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है। इस योजना के तहत हालर मिल, गुड़ निर्माण, मिनी राइस मिल, मसाला उद्योग, आटा चक्की, पोहा मिल, बेसन निर्माण, नमकीन, पापड़ बेकरी, चिप्स, रेवड़ी, ब्रेड, मिठाई, गुपचुप, लड्डू, रेडी–टू–ईट उत्पाद जैसे अनेक खाद्य प्रसंस्करण उद्यम स्थापित किए जा सकते हैं। योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजना लागत पर 35 प्रतिशत तक अनुदान प्रदान किया जाता है, जिसकी अधिकतम सीमा 10 लाख रुपये निर्धारित है। स्थानीय रोजगार और आत्मनिर्भरता को मिलेगा बढ़ावा – यह योजना स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन के साथ–साथ उद्यमियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हो रही है।

### पैसे मांगने का आरोप तहसीलदार से शिकायत

**केशकाल।** जिले के केशकाल तहसील अंतर्गत हल्का पटवारी क्रमांक 17 पर भूमि नापी एवं पट्टा निर्माण के नाम पर अवैध रूप से राशि वसूलने का आरोप लगा है। इस संबंध में पीड़िता मेहरून्न बानो, निवासी केशकाल ने तहसीलदार केशकाल को लिखित शिकायत सौंपते हुए जांच एवं कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के अनुसार मेहरून्न बानो द्वारा अपने खसरा नंबर 26/139 की भूमि नापी एवं पट्टा निर्माण हेतु हल्का पटवारी से संपर्क किया गया था। आरोप है कि पटवारी द्वारा उक्त कार्य के लिए 10 हजार की मांग की गई। जिसमें से 5 हजार रुपए पहले ही ले लिया गया है। इस पर तहसीलदार गणेश सिरदार ने कहा है कि संबंधित पटवारी को नोटिस जारी किया गया है। पीड़ित और पटवारी को 26 तारीख को उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है। पटवारी अश्वनी नाग का कहना है कि उनके ऊपर लगाए गए आरोप निराधार हैं।

## गांव-गांव को सड़कों से जोड़ने में अटलजी का योगदान उल्लेखनीय

# अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मजयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया



हरिभूमि न्यूज. ▶▶| धनेलीकन्हार/बासनवाही/कोरर/दुर्गुकोंदल/सरोना

जिले के सभी विकासखंडो में स्व. अटल बिहारी बाजपेयी के जन्मजयंती को शुसासन दिवस के रूप में मनाया। कांकेर ब्लाक अन्तर्गत ग्राम पंचायत अटल चौक में छायाचित्र में दीप प्रज्वलित कर पुजा अर्चना किया गया। धनेलीकन्हार सरपंच मधु मंडावी ने कहा की श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी देश के प्रधानमंत्री रहते हुए देश के विकास में अपना महत्वपूर्ण भागीदारी सुनिश्चित की है। उनके द्वारा गांव गांव को मुख्य मार्ग से जोड़ने प्रधानमंत्री सड़क योजना की शुरुआत की जिससे अंदरुनी ग्राम जिला मुख्यालय से जुड़ गए है। इस अवसर पर सेवानिवृत्त शिक्षक व पंच गजेन्द्र सिंह पोटाई ने कहा की अटल ने लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ वासीयों से छत्तीसगढ़ की सभी 11 लोक-सभा सीटों से भाजपा प्रत्याशी को विजई श्री दिलाने पर नए छत्तीसगढ़ प्रदेश बनाने का आश्वासन दिया था व इस चुनाव में भाजपा 10 लोकसभा सीट जीती इसके बावजूद 1 नवंबर 2000 को नए छत्तीसगढ़ राज्य की घोषणा की। कार्यक्रम का संचालन व आभार ग्राम के उपसरपंच व भाजपा मंडल कार्यालय प्रभारी वेद कुमार औरसा ने किया। इस अवसर पर रमेश साहू, पुर्व मंडल महामंत्री लोकेश्वर सेन, गजेन्द्र सिंह पोटाई, मतेश्वर बारला, खेमलाल साहु, कृष्णा साहू, खेमलाल नायक, भावसिंग नायक, त्रिवेणी सेन, भरत राम नायक, ईश्वर नायक, खेमिन लाटीया, प्रमिला पुसरिया, दिनेश्वरी साहू, दुलिया नायक , प्रमिला तारम, बद्रिका पोटाई, मथुरा ओरसा, सुशिला बारला, जितेन्द्री नायक, जेयिन्ती दनात, भ्रांति नायक उपस्थित रहे।

## बासनवाही में सुशासन दिवस पर बाजपेयी को किया नमन



**बासनवाही।** ग्राम पंचायत बासनवाही में भारत रत्न एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी बाजपेयी के जन्मदिवस के अवसर पर सुशासन दिवस श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। अटल बिहारी बाजपेयी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर ग्राम के अटल चौक में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पंचायत प्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ग्राम पंचायत की सरपंच बबिता वट्टी ने कहा कि स्व अटल बिहारी बाजपेयी का संपूर्ण जीवन सुशासन, पारदर्शिता और जनकल्याण को समर्पित रहा। उन्होंने अपने कार्यकाल में लोकतांत्रिक मूल्यों को सशक्त किया और आमजन के हित को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। सरपंच ने कहा कि अटल की सादगी, राष्ट्रसेवा और दूरदर्शी नेतृत्व आज भी हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों से आह्वान किया कि अटल जी के आदर्शों से प्रेरणा लेकर ग्राम पंचायत स्तर पर ईमानदारी, पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। कार्यक्रम में जनपद सदस्य पवनकुमार नेताम ने अटल बिहारी बाजपेयी के योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने देश को राजनीतिक स्थिरता, विकास और सुशासन की दिशा में नई पहचान दी। उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं और समाज को सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि अटल जी ने राजनीति को सेवा का माध्यम बनाया और उनके आदर्शों को आत्मसात करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर चन्द्रभान साहू, पूर्व उपसरपंच जमील वट्टी, घासु राम कश्यप, जयलाल अरकरा, सुदामा यादव सहित पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## ग्राम पंचायत कोकानपुर में अटल चौक में मनाया गया सुशासन दिवस



**कोरर।** कोकानपुर में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेई के छाया चित्र पर दीप प्रज्वलन, माल्यार्पण उपरांत समस्त ग्रामीण द्वारा सुशासन स्थापित करने संकल्प लिया गया। ग्राम पटेल माखन मंडावी ने उपस्थित ग्रामवासी को उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्व. अटल बिहारी वाजपेई का जीवन मेघावी छात्र, प्रखर वक्ता, स्वतंत्रता सेनानी, संवेदनशील पत्रकार के रूप में जाना जाता है। उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन मातृभूमि की सेवा में समर्पित किया उनके लिए भारत भूमि का टुकड़ा नहीं, यह जीता जागता राष्ट्रपुरुष है। इसका कण कण पवित्र शंकर है, नदिया गंगा समान है, यह वंदन, अभिनंदन की भूमि है, हम जिएंगे राष्ट्र के लिए, मरेंगे भी राष्ट्र के लिए। उनके मन का यह भाव आज भी भारत देश के करोड़ों लोगों को प्रेरणा मिल रही हैं। आज उनकी जन्म शताब्दी के अवसर पर हम सभी उनके बताए रास्ते पर चल कर, समृद्ध, शक्तिशाली एवं विकसित भारत बनाने का संकल्प लें यही स्व. अटल बिहारी वाजपेई को सच्ची श्रंद्धाजलि होगी। कार्यक्रम में सरपंच कलीराम उइके , योगिता राघवेन्द्र राजपूत, लता टेकाम, जानकी मंडावी, रमेश टेकाम, उर्मिला केमरो, रेखा पिद्दा, पूर्णिमा साहु, पारसमढ़ी जैन, खिलेश्वरी नेताम, दीप सिन्हा, लिलेश साहु, वासु मंडावी, धनेश यादव, चमन यादव, हेमलाल यदु, मुन्ना लाल, यदु पंचायत, भीष्म वर्मा, सालिक राम उपस्थित रहे।

## राऊरवाही में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया अटल का जन्मदिवस

**दुर्गुकोंदल।** ग्राम पंचायत राऊरवाही में गुरुवार को भारत रत्न और पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के रूप में धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर स्थानीय अटल चौक में आयोजित कार्यक्रम में भारी उत्साह देखा गया, जहाँ सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण और जनप्रतिनिधि उपस्थित हुए। अटल चौक पर स्थित वाजपेयी के चित्र पर जनपद सदस्य पीलम नरेटी, सरपंच बलराम टेपरिया, नरेश कोमरा, तुला कोमरा, पपीत गावड़े, मेहर उयके, परमेश्वर गावड़े, संजय दरपट्टी, कृष्णा पटेल, शोम कोमरा, नवीन, मनोहर, संतलाल सहित अन्य स्थानीय कार्यकर्ताओं और वरिष्ठ नागरिकों ने पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान पूरा परिसर अटल बिहारी वाजपेयी अमर रहें के नारों से गूँज उठा। सभा को संबोधित करते हुए जनपद सदस्य ने कहा अटल भारतीय राजनीति के एक ऐसे ध्रुव तारे थे, जिन्होंने दलगत राजनीति से ऊपर उठकर राष्ट्र निर्माण को सर्वोपरि रखा। आज हम जो गाँवों में सड़कों का जाल देख रहे हैं, वह उन्हीं की दूरदर्शी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की देन है। सरपंच ने अटल के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें एक प्रखर वक्ता और संवेदनशील कवि बताया। उन्होंने कहा कि उनके सिद्धांत आज भी प्रासंगिक हैं और हमें सुशासन के लक्ष्यों को प्राप्त करने की प्रेरणा देते हैं। इस गौरवमयी अवसर पर ग्राम पंचायत के पंच, स्थानीय कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



## अटल विचारों से गूंजा सरोना, भाजपा ने वैचारिक ताकत

**सरोना।** भारत रत्न, राष्ट्रनिर्माता एवं अडिग राष्ट्रवादी नेता श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई की जन्म जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी मंडल सरोना द्वारा अटल चौक सरोना में भव्य वैचारिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन मात्र एक श्रद्धांजलि सभा



न होकर भाजपा की राष्ट्रवादी सोच, वैचारिक प्रतिबद्धता और संगठनात्मक मजबूती का सशक्त प्रदर्शन बनकर सामने आया। कार्यक्रम के माध्यम से यह स्पष्ट संदेश दिया गया कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्र, संगठन और विचारधारा के प्रति पूरी निष्ठा के साथ खड़ा है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष टेकेश्वर सिन्हा ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई केवल एक प्रधानमंत्री नहीं थे, बल्कि वे भारत की आत्मा और आत्मसम्मान के प्रतीक थे। उन्होंने उस मानसिकता को निर्णायक रूप से तोड़ा जो भारत को कमजोर और निर्भर राष्ट्र के रूप में देखती थी। पोखरण परमाणु परीक्षण अटल के दृढ़ नेतृत्व और राष्ट्र के स्वाभिमान का ऐतिहासिक उदाहरण है, जिसने दुनिया को यह स्पष्ट संदेश दिया कि भारत अब किसी दबाव में नहीं आने वाला, बल्कि वैश्विक मंच पर नेतृत्व करने वाला राष्ट्र है। उन्होंने कहा कि भाजपा की राजनीति सत्ता के लिए नहीं, बल्कि राष्ट्र की सुरक्षा, अस्मिता और स्वाभिमान के लिए है। मंडल प्रभारी एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर ने कहा कि अटल का जीवन इस बात का प्रमाण है कि राजनीति मूल्यों, सिद्धांतों और नैतिकता के साथ भी की जा सकती है। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई ने लोकतंत्र को मजबूती दी, विकास को गति दी और राष्ट्रवाद को नई परिभाषा दी। भाजपा ही एकमात्र ऐसा राजनीतिक दल है जो लोकतंत्र, विकास और राष्ट्रवाद को एक साथ लेकर आगे बढ़ रहा है। भाजयुमो के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष संजू गोपाल साहू ने कहा कि आज का युवा अटल बिहारी वाजपेई जी की राष्ट्रवादी विरासत से प्रेरणा लेकर देश के लिए कार्य करने को तैयार है। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति अब केवल दर्शक नहीं है, बल्कि वैचारिक योद्धा बनकर देशविरोधी सोच को जमीनी स्तर पर चुनौती दे रही है। अटल जी के विचार आज भी युवाओं को राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम के दौरान अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व में लिए गए ऐतिहासिक निर्णयों, उनकी दृढ़ राष्ट्रनीति, सुशासन के मॉडल, अंत्योदय के विचार और भारत को आत्मनिर्भर व वैश्विक शक्ति बनाने की दूरदर्शी सोच पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं ने अटल विचार अमर विचार के नारों के साथ यह संदेश दिया कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता वैचारिक मोर्चे पर पूरी मजबूती के साथ डटा हुआ है। इस अवसर पर यशवंत सुरोजिया, जीवन नेताम, बैराग सोरी, अशोक निषाद, अनिल गजपाल, चिंतामणि रामटेके, संजय गोलछा, रामाधार धनकर, अजय हिरवानी, मोहन नेताम, निलेश गोलछा, दीपक साहू, घनश्याम पोया, अशोक लुनावत, डॉ. बीएल साहू, केशरी चंद जैन, राकेश नागवंशी, सेवा राम वट्टी सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## सुशासन दिवस पर अटल चौक पर पुष्पांजलि

**दुर्गुकोंदल।** ब्लॉक मुख्यालय दुर्गुकोंदल में भारतीय जनता पार्टी मंडल द्वारा भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री एवं छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर अटल चौक में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने अटल जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंडल महामंत्री रामचंद्र कल्लो ने अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अटल जी एक कुशल राजनेता, ओजस्वी वक्ता, संवेदनशील कवि और राष्ट्र को दिशा देने वाले दूरदर्शी नेता थे। उनके नेतृत्व में भारत ने सुशासन, विकास और राष्ट्रीय एकता की नई पहचान बनाई। मंडल महामंत्री शकुंतला नरेटी ने कहा कि अटल जी का जीवन सादगी, सिद्धांत और राष्ट्रसेवा का प्रतीक रहा है। उन्होंने राजनीति में शुचिता और लोकतांत्रिक मूल्यों की मिसाल कायम की। सुशासन दिवस उनके इन्हीं आदर्शों को याद करने और उन्हें आत्मसात करने का अवसर है। कार्यक्रम में टीकम टांडिया, अशोक जैन, तुलसी मतलामी, शिरो कोमरे, सरपंच नंदू खरे, मुकेश नरेटी, शिवलाल ध्रुव, रजलाल नामदेव मरकाम, चिमन यादव, ईसू आरदे, सोमनाथ नेताम, हीरा सिंह जैन सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## पेसा के माध्यम से स्थानीय स्वशासन को मजबूत करने हुईं विशेष सभाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



अनुसूचित क्षेत्रों में जमीनी लोकतंत्र को सशक्त बनाने के उद्देश्य से कांकेर जिले की सभी ग्राम पंचायतों में पेसा पंचायतों का अनुसूचित क्षेत्रों में विस्तार अधिनियम पर विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया। इनमें ग्रामसभा को सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था के रूप में उसकी भूमिका, स्थानीय योजना निर्माण, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन एवं सामाजिक न्याय से जुड़े अधिकारों तथा आरपीएमसी संसाधन योजना एवं प्रबंधन समिति एवं शांति एवं न्याय समिति जैसी समितियों की भूमिका पर चर्चा की गई। इस पहल की एक विशेषता यह रही कि प्रत्येक ग्राम सभा के साथ स्वास्थ्य जांच शिविर एवं एनसीडी स्क्रीनिंग का भी आयोजन किया गया, जिसका जनसमुदाय को प्रत्यक्ष स्वास्थ्य लाभ मिला। गैर शासकीय संस्था पिरामल फाउंडेशन टीम डिस्ट्रिक लीड महेन्द्र आर्य, प्रोग्राम लीडर ऋचा गुप्ता निगम और प्रोग्राम लीडर सोनल लाल, फैलो श्वेता तिवारी की उपस्थिति मालगांव एवं कोकपुर ग्राम पंचायतों में रही। कोकपुर में आयोजित ग्राम सभा में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ.शशांक गुप्ता ने प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं, संक्रामक रोगों की रोकथाम, उच्च जोखिम गर्भावस्था तथा एएनसी एवं पीएनसी देखभाल के महत्व पर ग्रामीणों से संवाद किया तथा लगभग 550 ओपीडी कवर की गई। इस दौरान बताया गया कि ग्राम सभा केवल बैठक नहीं, बल्कि संवैधानिक अधिकारों से युक्त एक सशक्त संस्था है, बैठकों की प्रक्रिया, कोरम, निर्णय प्रणाली एवं अभिलेख संधारण पर विशेष जोर दिया गया।

## कबड्डी से सेहत बनती है और कुशलाता बढ़ती है : विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल



विकासखंड दुर्गुकोंदल के ग्राम पंचायत दमकसा के आश्रित ग्राम आमागुहान में नव युवक एवं युवती समिति के तात्वधान में आयोजित तीन दिवसीय डे-नाईट प्रो कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसके समापन के अवसर पर मुख्यअतिथि जनपद सभापति विकास राजु नायक ने कहा कि कबड्डी भारत के सबसे लोकप्रिय खेलों में से एक है। यह भारत में युवा और बुजुर्ग, दोनों ही उम्र के लोगों के बीच लगभग एक आम खेल है। कबड्डी एक लोकप्रिय टीम खेल है।

मुख्यअतिथि जनपद सभापति विकास राजु नायक ने कहा कि कबड्डी के अनगिनत फायदे हैं। यह शारीरिक फिटनेस में सुधार करता है, निर्णय लेने की क्षमता को बढ़ाता है और टीम वर्क को बढ़ावा देता है। यह खेल अनुशासन, खेल भावना और आत्मविश्वास के साथ चुनौतियों का सामना करने की क्षमता सिखाता है। आज, कबड्डी विश्व स्तर पर खेली जाती है, और भारत अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में सबसे सफल टीम है। कबड्डी एक टीम खेल है जिसमें ताकत और कुशलता दोनों की आवश्यकता होती है। मूल रूप से, इसका उद्देश्य लोगों को आत्मरक्षा करना और साथ ही व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से हमले का जवाब देना और पलटवार करना सिखाना था। यह अपेक्षाकृत आसान और सस्ता खेल है, जिसके लिए बड़े खेल मैदान या महंगे उपकरणों की आवश्यकता नहीं होती है। अतिथियों द्वारा विजेता टीमों को पुरस्कृत किया, जिसमें पुरुष वर्ग में प्रथम आमापारा 10000, द्वितीय कोड़ाखुर्री 6000, तृतीय आमागुहान 3000, चतुर्थ दमकसा 1500 रूपए एवं महिला वर्ग हथरा 5000, द्वितीय डांगरा 3000, तृतीय दमकसा 1000 रूपए राशि एवं ट्रॉफी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में ग्राम गायता रमेश देहारी, सरपंच सुनीता शंकर बोगा, चंपालाल गुरुवर, रतेलाल देहारी, राहुल जाम्बूरकर, राजकुमार उसेंडी, नरेश दीवान, उमेश कोला गोविन्द दीवान, अहेन्द्र देहारी, देवधर मंडावी, दुकेश देहारी, गिरधारी गुरुवर, सुकलाल कोमरे, चनद्रिका देहारी, देवकी मंडावी, ओमकुमारी दुग्गा, संतीला कोमरा, पुनिता मंडावी, लोकेश गुरुवर, धनसाय मंडावी, लव कोमरा सहित ग्रामवासी और खिलाड़ी बंधु उपस्थित रहे।

## पेज 11 के शेष

### समाज को बांटने...

प्रलोभन, राजनीति और वोट बैंक के नाम पर समाज को बाँटने वाले लोग हिंदू समाज के हितैषी नहीं हो सकते। जो भी समाज को विभाजित करने का प्रयास करता है, वह हिंदुत्व का सबसे बड़ा शत्रु है। उन्होंने कहा कि आज 15 समाजों के लोग एक मंच पर एकत्र होकर इस आयोजन को सफल बना रहे हैं, लेकिन कुछ लोगों के मन में अब भी षड्यंत्र चल रहा होगा कि कोरर में इतनी बड़ी संख्या में लोग कैसे एकत्र हो गए। उन्होंने कहा कि हमें समझदारी और सूझबूझ के साथ कार्य करना होगा, ताकि कोई दंगा-फसाद न हो और भटके हुए लोगों को पुनः समाज की मुख्यधारा में लाया जा सके। उन्होंने हाल की घटनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि बस्तर संभाग के कांकेर में हुई घटनाएँ दुर्भाग्यपूर्ण हैं। ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए समाज को संगठित और जागरूक रहना होगा। उन्होंने कहा कि पहले न कोई अलग सेना थी और न ही जाति-पाति का विभाजन, सभी एकजुट होकर गाँव और समाज चलाते थे। संत महात्यागी ने कहा कि सनातन धर्म को कमजोर करने के प्रयास लगातार हो रहे हैं। ऐसे समय में हिंदू समाज को संगठित होकर अपनी संस्कृति, परंपरा और आस्था की रक्षा करनी होगी। हिंदू समाज की सबसे बड़ी ताकत उसकी एकता है। कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे। आसपास के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु, साधु-संत, सामाजिक कार्यकर्ता और युवा वर्ग उपस्थित रहे।

### भानुप्रतापपुर भट्‌ठी में...

ओवररेटिंग के चलते कई बार शराबप्रेमियों और भट्‌टी प्रबंधन के बीच तनाव और विवाद की स्थिति बन चुकी है। जानकारी के मुताबिक मैनेजर करणवीर गुप्ता इससे पहले चारामा में पदस्थापना के दौरान भी 2-3 बार विवादों में घिर चुके हैं, जिसके चलते उन्हें वहां से हटाया भी गया था। इसके बावजूद भानुप्रतापपुर में उन्हें किसका संरक्षण प्राप्त है, यह सबसे बड़ा सवाल बना हुआ है। अब क्षेत्र में एक ही सवाल गूंज रहा है कि आखिर किसके संरक्षण में शराब दुकान का मैनेजर बेखौफ होकर कोचियों को शराब उपलब्ध करा रहा है और क्यों आबकारी विभाग आंख मूंदे बैठा है।

### तेज रफ्तार पिकअप...

बजे उनके छोटे भाई राजेंद्र नागराज ने फोन कर सूचना दी कि उनके पिता ओमलाल नागराज अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 05 वी 2675 से पेट्रोल पंप चारामा में पेट्रोल भरवाने के बाद धमतरी की ओर अपने साढू भाई रमेश जैन से मिलने जा रहे थे। इसी दौरान दोपहर करीब 2 बजे धमतरी से कांकेर की ओर आ रही पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 18 क्यू 6540 के चालक ने अपने वाहन को तेज और लापरवाही पूर्वक चलाते हुए सामने से मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बुजुर्ग बाइक सवार सड़क पर गिर पड़े और उनके दाहिने पैर में गंभीर चोट आई। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों की मदद से घायल को तत्काल चारामा अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई की। शिकायत के आधार पर थाना चारामा पुलिस ने आरोपी पिकअप वाहन चालक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 125 (ए) और 281 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और दोषी चालक के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### दुर्गूकोंदल सरपंच...

प्रस्ताव एवं इस्टीमेट लेकर कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन केवल आश्वासन ही मिल रहा है। निर्वाचित सरपंचों की बात अधिकारी गंभीरता से नहीं सुन रहे हैं, जिससे वे और ग्रामीण दोनों ही परेशान हैं। प्रदर्शन करने वाले सरपंचों का कहना है कि निर्माण कार्यों की स्वीकृति का मुद्दा वास्तविक और जनहित से जुड़ा हुआ है। अब सभी की नजरें प्रशासन के अगले कदम और 10 दिनों की समयसीमा पर टिकी हैं। चक्काजाम स्थल पर एसडीएम जीडी वाहिले, तहसीलदार कुलदीप ठाकुर एवं जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल के सीईओ सुरेंद्र बंजारे पहुंचे। उन्होंने बताया कि जिला पंचायत सीईओ ने सरपंचों से मुलाकात का आश्वासन दिया है और सीईओ सुरेंद्र बंजारे के नेतृत्व में सभी सरपंच जिला सीईओ से मिलकर अपनी मांगों पर चर्चा करेंगे। मौके पर सहायक जिला खनिज अधिकारी मृदुल गुहा, एसडीओपी शेर बहादुर ठाकुर, टीआई प्रहलाद यादव सहित प्रशासनिक अमला मौजूद रहा।

### इंटरक्रॉपिंग लाभ की...

याचना चिराम, वीरेंद्र पटेल ने सक्रिय भागीदारी निभाई और किसानों के साथ प्रत्यक्ष संवाद कर इंटरक्रॉपिंग से संबंधित जानकारियाँ साझा किया। यह संपूर्ण कार्यक्रम डॉ. जेएल सलाम एवं अनिल नेताम के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। उनके निर्देशन में छात्रों ने किसानों की जिज्ञासाओं का समाधान किया तथा आधुनिक एवं लाभकारी कृषि तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में किसानों ने इस प्रकार के व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की अपेक्षा व्यक्त की। यह पहल किसानों की आय बढ़ाने एवं टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई।

### मंदिर में आगजनी...

भी किया। आरोपी से पुछताछ में ग्राम कानागांव एवं पेवारी के शीतला माता मंदिर के अंदर रखे समाग्रियों मे आगजनी की बात कबूल करने व अपराध सबूत पाए जाने पर आरोपी बालोद जिला के ग्राम बनगांव निवासी 53 वर्षीय देवधर तारम पिता नोहर सिंह तारम को विधिवत गिरफ्तार कर 24 दिसंबर को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

### अटल प्रतिमा का...

अधिकारियों में जिला पंचायत सीईओ हरेश मण्डावी, एसडीएम अरूण वर्मा, नगर पालिका सीएमओ पवन मेरिया, सब इंजीनियर एवं शहरवासी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### 2 उप-स्वास्थ्य केंद्रों को एनक्यूएएस प्रमाणन प्राप्त



**दंतेवाड़ा।** स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार जिले के 2 उप स्वास्थ्य केन्द्रों बड़े बचेली एवं उप-स्वास्थ्य केंद्र मैलावाड़ा को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक एनक्यूएएस प्रमाणन प्राप्त हुआ है। यह उपलब्धि जिले में गुणवत्तापूर्ण, सुरक्षित एवं मरीज-केंद्रित स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के साथ-साथ जिला स्वाास्थ्य विभाग के समन्वित टीमवर्क, सतत मार्गदर्शन एवं निरंतर प्रयासों का परिणाम है।
स्वास्थ्य विभाग के जिला कार्यक्रम प्रबंधक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के प्रभावी समन्वय तथा स्वास्थ्य विभाग की समस्त टीम के तकनीकी एवं प्रशिक्षण सहयोग से यह उपलब्धि अर्जित की गई है। इसके लिए जिला चिकित्सालय के टीम द्वारा उप-स्वास्थ्य केंद्र बड़े बचेली एवं मैलावाड़ा के समस्त चिकित्सा अधिकारी, एएनएम, स्टाफ नर्स, आशा कार्यकर्ता एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन एवं गुणवत्ता के प्रति प्रतिबद्धता को सराहनीय बताया गया है।

### किरंदुल परियोजना प्लेटिनम अवार्ड से सम्मानित



**किरंदुल।** बैलाडीला आयरन ओर माइन किरंदुल कॉम्प्लेक्स को ऑनर एक्सलेंस अवार्ड नई दिल्ली द्वारा आयोजित समारोह में ऑनर एनवायरमेंट एक्सलेंस अवार्ड मेटल और माइनिंग सेक्टर के अंतर्गत प्लेटिनम अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही प्रतिष्ठित पर्यावरण, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा पर सम्मेलन भी आयोजित किया गया। यह अवार्ड किरंदुल परियोजना प्रमुख रवीन्द्र नारायण, अधिशासी निदेशक और अवनीश शर्मा, उप महाप्रबंधक द्वारा एबी शिवाने, लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) पीवीसीएम, एवीसीएम, वीएसएम, पूर्व निदेशक, जनरल मैकेनाइज्ड फोर्सेस और स्ट्राइक कॉर्प्स कमांडर, भारतीय सेना से प्राप्त किया।

## निधन

### बसंत श्रीवास्तव

**जगदलपुर।** शहर के धरमपुरा स्थित आशियाना के पीछे निवासरत वरिष्ठ अधिवक्ता बसंत श्रीवास्तव का गुरूवार की अलसुबह रायपुर में इलाज के दौरान निधन हो गया, वे लगभग 58 वर्ष के थे, वे बीते कुछ दिनों से बीमार थे। वे शिक्षिका रेणु श्रीवास्तव के पति, वरिष्ठ पत्रकार सत्यनारायण पाठक के बहनोई, रश्मि एवं गोल्डी के पिता और रवि सहाय भटनागर के ससुर थे। उनका अंतिम संस्कार खड़कघाट स्थित मुक्तिधाम में किया गया।



### भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण

# अटल के बताए मार्ग पर चलने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

नगर के वार्ड क्रमांक 3 सांस्कृतिक भवन के सामने भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती पर मनाए जा रहे सुशासन दिवस के अवसर पर उनकी प्रतिमा का अनावरण किया गया।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े रहे। इस अवसर पर नगर पंचायत गीदम अध्यक्ष रजनीश सुराना, उपाध्यक्ष माधुरी गुप्ता व नगर पंचायत के अन्य पार्षदगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने अटल बिहारी बाजपेयी के राष्ट्र निर्माण में दिए गए अतुलनीय योगदान को याद करते हुए कहा कि वे एक दूरदर्शी नेता, प्रखर वक्ता और संवेदनशील राजनेता थे। उनका जीवन लोकतांत्रिक मूल्यों, सुशासन और राष्ट्रीय एकता के लिए समर्पित रहा। प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं युवा उपस्थित रहे। सभी ने अटल के विचारों को आत्मसात करने और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।



### बारसूर में सुशासन दिवस व अटल परिसर का लोकार्पण



पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती पर गीदम ब्लॉक के नगर पंचायत बारसूर में सुशासन दिवस व अटल परिसर का वर्चुअल के माध्यम से लोकार्पण का कार्यक्रम वार्ड क्रमांक 2 ऑक्सीजन पार्क में किया गया। सुशासन दिवस व अटल परिसर का वर्चुअल के माध्यम से लोकार्पण मुख्यमंत्री ने किया। इस कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष दन्तेवाड़ा संतोष गुप्ता, नगर पंचायत अध्यक्ष सुभद्रा नेगी, नगर पंचायत उपाध्यक्ष दिनेश्वरी मांझी, भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष अभिमन्यु सोनी, महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री अन्ती वेक, छिंदनार सरपंच संध्या शुक्ला, भाजपा मण्डल अध्यक्ष वैसुराम मण्डावी, मण्डल महामंत्री भुवनेश्वर भारद्वाज, विधायक प्रतिनिधि राजेश कुमार नाग, पार्षद बद्रीनाथ पुजारी, गीता बघेल, बुधनी बाई नाग, विजयश्री पुजारी, अनत कुमार कश्यप, हितेश सिन्हा, संगीता पुजारी, जसवीर नेगी एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी गिरीश तिवारी, उप अभियंता एवं समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### बुजुर्गों का किया गया सम्मान



**तोकापाल।** ब्लॉक मुख्यालय तोकापाल ग्राम पंचायत बेडागुड़ा के सरपंच सोनादाई कश्यप, उपसरपंच रैबारी बघेल, पंच फूलों बघेल और पंचगणो के साथ सभी ने मिलकर सीनियर सिटीजन और बुजुर्गों को श्रीफल और साल भेंट कर सम्मान किया गया। जिसमें बेड़ागुड़ा पंचायत के शीतलहर को देखते हुए सभी को सम्मान करने व श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई की स्मृति को समर्पित एक ऐतिहासिक पल को याद कर उनके जन्म शताब्दी वर्ष के रूप में मनाया गया। जो कि इसमें ग्रामीणों के साथ जनप्रतिनिधि एवं जनता के साथ सरपंच सोनादाई ने सभी को साथ लेकर चलने का निर्णय और अटल बिहारी वाजपेई के जन्मोत्सव को बड़ी धूमधाम से बनाने हेतु सभी को आग्रह किया। इस गौरव पूर्ण क्षण में राज्य निर्माता अटल बिहारी बाजपेई की स्मृति को छत्तीसगढ़ कभी नहीं भूल सकता है । जो हमारे ग्राम पंचायत बेड़ागुड़ा में इनका सम्मानित पहल है । ग्राम पंचायत बेडागुड़ा के सरपंच सोनादाई के प्रयास से प्रत्येक बुजुर्ग को आराम और प्रत्येक घर तक पहुंचना उनका लक्ष्य के आधार पर अटल बिहारी वाजपेई के जन्मोत्सव को बड़ी धूमधाम से मनाया गया।

## भाजपाइयों ने मनाई 101वीं जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

नगर पंचायत बस्तर के वार्ड क्रमांक 4 में भारत रत्न स्व. पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के 101वीं जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा का अनावरण किया गया। राजधानी रायपुर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश के नगरीय निकायों में अनावरण एक साथ हुआ।

नगर पंचायत बस्तर में मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष देवकी भद्रे, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीराम कश्यप एवं पार्षदों की उपस्थिति में अटल परिसर का विधिवत अनावरण किया गया। इस दौरान अतिथियों ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जीवनी पर प्रकाश डाला। मुख्य नगर पालिका अधिकारी तरुण पाल लहरे ने जानकारी देते हुए बताया कि 20 लाख रुपए की लागत से मूर्ति एवं अटल परिसर का निर्माण किया गया। कार्यक्रम का समापन में आशीष मिश्रा के द्वारा करते हुए इस चौराहे का नाम अटल चौक रखने की उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारी कर्मचारियों को बात रखी गई। जिस पर नगर पंचायत में प्रस्ताव पारित करने की बात कही गई। इस दौरान भाजपा को वरिष्ठ नेता रामानंद मिश्रा, व्हीएस राजपूत,नेता प्रतिपक्ष समीर मिश्रा, पार्षद नरसिंग नागेश, भागीरथी यादव, सीताराम बघेल, बंशी कश्यप, आशावती बघेल, मंगलराम बघेल, फूलसिंह मौर्य, नरेंद्र जोशी, किरण सेठिया, राकेश ठाकुर, नारायण ठाकुर, सदा ठाकुर, सुस्मिता मिस्त्री, बसन्ती पटेल, चंदन झा, अनिल जायसवाल सहित एबीईओ सुशील तिवारी, चंद्रभान मिश्रा, राकेश अग्रवाणी, जकतार लाल साहू, रामदास कश्यप, रितेश दास सहित बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल हुए।

## चंदिया मेमोरियल मेथाडिस्ट चर्च में प्रभु की आराधना





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- क्रिसमस पर्व पर केक वितरित कर कलीसिया के साथ मनाई खुशियां

शहर के चंदिया मेमोरियल मेथाडिस्ट चर्च में गुरूवार को क्रिसमस की आराधना की गई, इसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। जिसमें महिला समिति के महिलाओं और क्वायर द्वारा विशेष गीत गाया गया। जितेंद्र सिंह एवं राजन डेविड द्वारा विशेष गीतों को गाकर प्रभु की आराधना की गई। मुख्य वक्ता डीएस रेव्ह. आर. नाथ की ओर से ख्रीस्त जन्मोत्सव आनंद के विषय में संदेश दिया और यीशु मसीह दुनिया में संपूर्ण मानव जाति के उद्धार, मुक्ति, प्रेम और शांति के लिए जन्म लिया गडरिया एवं ज्योतिषियों ने भी यीशु के दर्शन कर अपना-अपना भेंट अर्पण किया और आनंद से भरकर प्रभु की महिमा की। आराधना की अगुवाई रेव्ह. युसूफ सिंह द्वारा की गई और अंत में डीएस रेव्ह रविंद्र नाथ द्वारा आशीष वचन देकर सभा समाप्त की गई। साथ ही उन्होंने कलीसिया से निवेदन किया कि 28 दिसंबर को क्रिसमस महारैली में सभी शामिल हो। उसके बाद केक वितरित कर कलीसिया के साथ खुशियां मनाई गई। इस दौरान कलीसिया के अनेक लोग उपस्थित थे। इसकी जानकारी मसीह समाज प्रवक्ता अनिमेष दास द्वारा दी गई।

## विधायक ने कोकावाड़ा में लिया एसआईआर की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

चित्रकोट विधायक विनायक गोयल एसआईआर समीक्षा बैठक लेने ग्राम पंचायत कोकावाड़ा बुधवार को पहुंचे। इस दौरान भाजपा समर्पित बीएलए सहित ग्रामीणों ने बैठक में भाग लिया।



जहां बैठक को सम्बोधन करते हुए दरभा जनपद उपाध्यक्ष पीडी हरीश ने लोगों को विधायक के आगमन का उद्देश्य पर अवगत कराया। वहीं विधायक ने अपने संबोधन में कहा की एसआईआर भारतीय चुनाव और मतदाताओं के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण प्रक्रिया हैं। जहां यह सुनिश्चित होगा की भारत के वास्तविक मतदाता कौन हैं और एक मतदाता का नाम एक ही स्थान पर होगा। कोई भी वंचित मतदाता भारतीय चुनाव में मतदान नहीं कर सकेगा। इसके साथ साथ एक भी मतदाता एक से अधिक स्थान पर मतदान नहीं कर सकेगा। उन्होंने आगे कहा की यदि आपको लगता हैं कि आपके गांव में कोई भी व्यक्ति अवैध तरीके से मतदाता बना हुआ हैं और शासकीय योजनाओं का लाभ ले रहा हैं तो उसका विरोध करिए।

उन्होंने भाजपा समर्पित बीएलए टू पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा की बीएलो के साथ मिलकर यह सुनिश्चित करें की पुनर्रचित मतदाता सूची उचित रूप से तैयार हो गई हैं। कोई भी पात्र मतदाता अपने अधिकार से वंचित न हो और कोई भी व्यक्ति अवैध रूप से मतदाता सूची में सम्मिलित न हो। इसके साथ साथ उन्हें उपस्थित लोगों को विश्वास दिलाया की सरकार जनहित में व्यापक कदम उठा रही हैं।

जनहित के सभी कार्य प्राथमिकता से किये जायेंगे। कार्यक्रम के अंत में उन्होने गायत्री मंदिर का दर्शन किया। उल्लेखनीय हैं कि हाल ही में उन्होंने इस मंदिर का जीर्णोदार कराया हैं। इस कार्यक्रम में अंशु चौहान, मंगला, मन्नू, बाबुल नाग, मुन्नू सिंह, तूफान चौरसिया एवं भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहें।

## नाली निर्माण का अध्यक्ष ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल

लौह नगरी किरंदुल में वार्ड क्रमांक 3 देवेश मंडल के घर के पास नवीन सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य हेतु पालिका अध्यक्ष रूबी शैलेन्द्र सिंह एवं वार्ड पार्षद ने पूजा अर्चना कर भूमिपूजन किया। सीसी सड़क एवं नाली लगभग 10 मीटर लम्बा है जो देवेश मंडल के घर से प्रताप के घर तक बनाया जाएगा। यह कार्य शासन द्वारा स्वीकृत विकास योजनाओं के अंतर्गत कराया जा रहा है, जिससे स्थानीय नागरिकों को आवागमन एवं जल निकासी की समस्याओं से राहत मिलेगी। कार्यक्रम में वार्डवासी एवं नागरिक उपस्थित रहे। इस दौरान



अध्यक्ष ने कहा कि जनहित में हर आवश्यक कार्य को प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराया जाएगा। यह सड़क और नाली निर्माण क्षेत्र की पुरानी मांग थी, जो अब पूरी होने जा रही है। विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण कार्य कराया जाएगा। वार्ड पार्षद देवकी ठाकुर ने सभी लोगों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि शहर के विकास में सभी की सहभागिता जरूरी है, तभी हम बेहतर भविष्य की कल्पना कर सकते हैं। वार्ड में सभी जनता का समस्या का निवारण करने के लिए बिना भेदभाव किए हमेशा खडे उतरूंगी। कार्यक्रम में मौजूद वार्ड के लोगों ने इस पहल का स्वागत करते हुए प्रसन्नता व्यक्त की और शासन व नगर पालिका अध्यक्ष रूबी शैलेन्द्र सिंह एवं उपस्थित सभी पार्षद का आभार जताया। इस दौरान सीएमओ शशि भूषण महापात्र, पार्षद यशोदा चुन्नम, बी रूपा रानी, के सजी, थॉमस बाबू दुर्गम, गायत्री साहू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह, पूर्व प्रसाद राम किशोर एवं समस्त वार्डवासी उपस्थित थे।

## हिंदू सम्मेलन में उमड़ा जनसैलाब

**भोपालपटनम/ मद्देड़।** भोपालपटनम में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के ग्रामवासियों ने बड़ी संख्या में बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। सम्मेलन में धर्म, संस्कृति और संगठनात्मक एकता का संदेश प्रमुख रूप से दिया गया। भोपालपटनम में आयोजित इस भव्य हिंदू सम्मेलन में पूज्य संतों के ओजस्वी प्रवचन, पुजारियों का सम्मान समारोह, भजन-कीर्तन, लोकगीत तथा धर्म-जागरण से जुड़े विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 11 बजे स्थानीय शिव मंदिर प्रांगण से बाजा गाजा नृत्य दल एवं माता बहनों से कलश यात्रा के साथ नृतक दल एवं आतिशबाजी के साथ विशाल रैली के साथ हुई। जिसमें भारत माता की जय के गगनभेदी नारों के साथ कार्यक्रम स्थल मिनी स्टेडियम पहुंचकर सम्मेलन का शुभारंभ किया गया। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य सनातन प्रेमियों को एक मंच पर लाना, हिंदू एकजुटता को सशक्त करना तथा हिंदुओं की आस्था, पहचान और संगठन शक्ति का परिचय कराना रहा।



### उर्मिला का नाम काट माया को सौंपी गई जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी

# कमल की पंखुड़ियों में अब गुटबाजी के कांटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर





बीजापुर विधानसभा में भले ही चुनाव अभी दूर हों, लेकिन भारतीय जनता पार्टी में अभी से राजनीतिक रिहर्सल पूरे शबाब पर है। फर्क सिर्फ इतना है कि यहां मुकाबला कांग्रेस से नहीं, बल्कि अपनों के बीच लड़ा जा रहा है। कमल की पंखुड़ियों में अब गुटबाजी के कांटे उग आए हैं। वरिष्ठ नेत्री उर्मिला तोकल को नजरअंदाज कर अपेक्षाकृत कांग्रेस से बीजेपी में शामिल हुई नई कार्यकर्ता माया झाड़ी को महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष बनाए जाने से पार्टी के भीतर सुगबुगाहट नहीं, बल्कि सियासी खलबली मच गई है। जिन नेताओं ने वर्षों तक जंगल, गोलियों और लाल आतंक के साए में संगठन को सींचा था वे आज हाशिये पर खड़े दिख रहे हैं। मोदी शाह की नई भाजपा का असर यहां भी दिख रहा है।

बीजापुर भाजपा में इस समय त्रिकोणीय राजनीति पूरे उफान पर है, एक ओर पूर्व मंत्री महेश गागड़ा, दूसरी ओर सांसद महेश कश्यप और तीसरी धुरी पर प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष वेंकट गुज्जा है और ये तीनों नेता अपने-अपने झंडे गाड़ने में जुटे हैं, लेकिन पार्टी में चल वही रहा है जिसकी हवा ऊपर तक बह रही है। बाकी दो गुटों में बेचैनी ऐसी है मानो कुर्सी खिसकते ही जमीन भी खिसक गई हो, इस सियासी तमाशे से जिले के प्रभारी नेता एवं वन मंत्री केदार कश्यप ने खुद को अलग-थलग कर लिया है, शायद इसलिए कि जब घर में ही आग लगी हो तो बाहर से पानी डालना बेहतर समझा जाता है।

सबसे दिलचस्प पहलू यह है कि उर्मिला तोकल, जो 1997 से भाजपा के लिए बासागुड़ा-लिंगागिरी जैसे नक्सल प्रभावित इलाकों में डटी रहीं, दो बार सरपंच, जनपद सदस्य, जनपद अध्यक्ष और महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष रह चुकी हैं उनका नाम रास्ते में ही बदल दिया गया क्योंकि अब मोदी, शाह की भाजपा का जादू पूरे प्रदेश में सिर चढ़कर बोल रहा है। सूची नीचे बनी, हस्ताक्षर वरिष्ठों के थे, लेकिन ऊपर पहुंचते-पहुंचते नाम किसी और का हो गया,पार्टी के जमीनी कार्यकर्ताओं के लिए यह फैसला किसी राजनीतिक झटके से कम नहीं है। पांच-छह साल पुरानी सदस्यता और अचानक मिली माया झाड़ी को बड़ी जिम्मेदारी ने यह सवाल खड़ा कर दिया है क्या संगठन में अनुभव अब बोझ बन गया है। अगर यही हाल रहा, तो आने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को प्रचार की जरूरत भी नहीं पड़ेगी, क्योंकि भाजपा खुद अपने लिए राह मुश्किल कर रही है।

क्षेत्र के भाजपा नेताओं के लिए बीजापुर विधानसभा सीट का हाथ से निकल जाना कोई बड़ा झटका नहीं दिखता। सत्ता में अपनी ही सरकार होने का भरोसा उन्हें इस कदर निश्चिंत किए हुए है कि विधानसभा की हार का कोई आत्ममंथन तक नहीं किया गया। उलटे, पंचायत चुनावों में मिली सीमित सफलता को ही बड़ी उपलब्धि बताकर खुद को संतुष्ट कर लिया गया है। सत्ता की सुरक्षा ने नेताओं को बेफिक्र बना दिया है, नतीजा यह है कि अब संगठन को मजबूत करने के बजाय पार्टी के भीतर गुटबाजी और आपसी राजनीति हावी होती जा रही है। जमीन से जुड़े मुद्दों और जनता की नाराजगी को नजरअंदाज कर, भाजपा नेतृत्व की यह उदासीनता आने वाले समय में पार्टी के लिए और नुकसानदेह साबित हो सकती है।

**मेरे सम्मान की उपेक्षा**

वरिष्ठजनों द्वारा तैयार की गई और हस्ताक्षरित सूची में अध्यक्ष पद हेतु मेरा नाम दर्ज था। ऐसे में जब अंतिम घोषणा में मेरा नाम हटाकर किसी अन्य को नियुक्त किया गया, तो यह मेरे लिए अत्यंत पीड़ादायक और निराशाजनक रहा। यह स्पष्ट रूप से मेरे सम्मान की उपेक्षा है। फिर भी, व्यक्तिगत भावनाओं से ऊपर उठकर मैं पार्टी के हित में ईमानदारी से कार्य करती रहूंगी।

- उर्मिला तोकल
बीजेपी वरिष्ठ नेता

## पाहुरबेल में विकास कार्यों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा

बस्तर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पाहुरबेल में आज विकास कार्यों की सौगात के साथ उत्साह और उल्लास का वातावरण देखने को मिला। विधायक लखेश्वर बघेल के ग्राम आगमन पर ग्रामीणों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। ग्राम पंचायत के विभिन्न स्थानों पर ग्रामीणों, माता-बहनों एवं युवाओं द्वारा पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ विधायक का आत्मीय स्वागत किया गया।

उल्लेखनीय है कि पूर्व में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत पाहुरबेल की माता-बहनों द्वारा पुजारीपारा क्षेत्र में सड़क की जर्जर स्थिति तथा आवागमन में हो रही गंभीर परेशानियों की जानकारी विधायक को दी गई थी। जनसमस्याओं को गंभीरता से लेते हुए विधायक ने तत्काल विधायक निधि से सड़क निर्माण की घोषणा की थी। इसी क्रम में आज उनकी गरिमामयी उपस्थिति में पुजारीपारा आंगनबाड़ी केंद्र से बली घर तक लगभग 250 मीटर लंबाई की सड़क निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन संपन्न हुआ। इस सड़क निर्माण की कुल लागत 8.23 लाख रुपये है, जिससे क्षेत्रवासियों को आवागमन में बड़ी राहत और सुविधा प्राप्त होगी। भूमिपूजन कार्यक्रम के पश्चात ग्राम पंचायत पाहुरबेल में नवनिर्मित शेड का विधायक ने लोकार्पण किया इस शेड की निर्माण लागत 8.80 लाख रुपये है। शेड की उपयोगिता एवं आवश्यकताओं को देखते हुए उन्होंने इसकी कमियों को दूर करने हेतु अतिरिक्त 5 लाख रुपये की तत्काल घोषणा कर ग्रामीणों को एक और बड़ी सौगात दी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्र के नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक लखेश्वर बघेल ने कहा कि विद्यालयों में बाहर से आने वाले परिजनों को अपने बच्चों से मिलने के लिए कड़ी धूप में खड़े होकर प्रतीक्षा करनी पड़ती थी। इसी प्रकार गांव की माता-बहनों को भी आवागमन के दौरान विशेष वाहन की प्रतीक्षा धूप में इंतजार करनी पड़ती थी। उन्होंने कहा कि इस शेड के निर्माण के बाद अब परिजनों एवं माता-बहनों को कड़कड़ाती धूप से राहत मिलेगी और उन्हें सुरक्षित व सुविधाजनक स्थान उपलब्ध होगा। उन्होंने आगे कहा कि जिस प्रकार ग्रामवासियों द्वारा इस नवनिर्मित शेड को सुंदर आदिवासी कलाकृतियों से सुसज्जित किया गया है, उसी प्रकार इसका संरक्षण एवं रखरखाव करना भी ग्रामवासियों की सामूहिक जिम्मेदारी है। यह शेड आप सभी की सुविधा के लिए बनाया गया है, अतः इसे सुरक्षित और स्वच्छ बनाए रखना आवश्यक है। इसके पश्चात ग्राम पंचायत पाहुरबेल में ग्राम प्रमुखों द्वारा विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया था। इस दौरान सरपंच जितेंद्री बघेल,उप सरपंच ज्योति बघेल, जगमोहन बघेल लालेन्द्र बाकडे, लक्ष्मण बघेल, गोपाल कश्यप, सत्येन्द्र गागड़ा, घासी कश्यप, लछन कश्यप, रेनु नाग, बुचन नाग, रामगिरि चंद्राकर, चम्पा बाई, बलि राम बघेल, हेमंत सेठिया, दशरथ गोयल, पुनीत कश्यप, फूलसिंह नेताम, हनुराम, केसबो, खखपति, तारासिंह गोयल, जेमा कश्यप, लखीराम गोयल, लखबन्धु भारती, रविंद्र गौरव, प्रेमबती कश्यप, रघुनाथ, जितेंद्र तिवारी, राजेश कुमार, तुलसीराम ठाकुर एवं समस्त कार्यकर्त्तागण व ग्रामवासी उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### मसीह समाज से क्रिसमस पर विधायक ने की भेंट



**भानुप्रतापपुर।** क्रिसमस पर भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने मेनोनाइट चर्च भानुप्रतापपुर पहुंचकर मसीह समाज के लोगों को क्रिसमस पर मुलाकात किया। उन्होंने प्रभु यीशु मसीह के प्रेम, शांति और भाईचारे के संदेश को आत्मसात करने का आह्वान किया तथा समाज में सौहार्द और एकता बनाए रखने की बात कही। इस अवसर पर सुनील बबला पाढ़ी, बिमला ठाकुर, गोपाल राठी, मसीह समाज प्रमुख जितेन्द्र बेंजामिन, वीरेश ठाकुर, मानक दारपट्टी, हेमंत ध्रुव, रमेश गौतम, पंकज वाधवानी, अखिलेश तिवारी, अजय मंडावी, सुना तेता, नरेंद्र कुलदीप सहित बड़ी संख्या में मसीहजन उपस्थित रहे।

### प्रियंक हाईकोर्ट के बने सरकारी अधिवक्ता

**कांकेर ।** हाईकोर्ट में गवर्नमेंट एडवोकेट के पद पर प्रियंक राठी पदस्थ किए गए है। पूर्व में वे सिविल जज के पद पर थे, जिससे इस्तीफा देकर वे हाईकोर्ट में वकालत की प्रेक्टिस कर रहे थे। हाईकोर्ट गवर्नमेंट एडवोकेट के पद पर उनका नियुक्त किया जाना नगर के लिए गौरव की बात है। ज्ञात हो कि प्रियंक राठी जिला एवं सत्र न्यायाधीश आरके राठी के सुपुत्र एवं कांकेर नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी अशोक राठी के भतीजे है।

### जिले में 11.56 लाख क्विंटल से अधिक धान की खरीदी



**कोण्डागांव ।** खरीफ विपणन वर्ष 2025–26 के अंतर्गत जिले में धान खरीदी का कार्य लगातार सुचारू रूप से किया जा रहा है। किसानों को अपनी उपज विक्रय में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए शासन द्वारा समुचित व्यवस्थाएं की गई हैं। धान खरीदी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए उपार्जन केन्द्रों में इलेक्ट्रॉनिक तौल यंत्र, आद्रता मापक यंत्र सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे किसानों को सही तौल एवं गुणवत्ता के अनुसार लाभ मिल सके। खाद्य अधिकारी नवीन श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि मंगलवार की स्थिति में जिले के विभिन्न उपार्जन केन्द्रों से कुल 11 लाख 56 हजार 634 क्विंटल धान का उपार्जन किया जा चुका है। प्रमुख उपार्जन केन्द्रों में सर्वाधिक खरीदी – जिले के उपार्जन केन्द्रों में सबसे अधिक धान खरीदी विश्रामपुरी 36,274 क्विंटल, बहीगांव 35,234 क्विंटल, सलना 33,262 क्विंटल, गम्हरी 32,914 क्विंटल, अरण्डी 31,310 क्विंटल। प्रशासन द्वारा किसानों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए खरीदी कार्य को व्यवस्थित एवं समयबद्ध ढंग से संपन्न किया जा रहा है, ताकि सभी पंजी—त किसानों को समय पर उनकी उपज का उचित मूल्य मिल सके।

## निधन

### रत्ती राम शोरी



**कांकेर।** विकासखण्ड कांकेर के बड़ेपारा के ग्राम डुमाली निवासी रत्ती राम शोरी का 21 दिसबंर को आकस्मिक निधन हो गया, वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम में किया गया। कार्यक्रम में बड़ेकाम 28 दिसबंर को ग्राम डुमाली में आयोजित किया गया है।

### सुकोनबाई मंडावी



**बनसागर।** विकासखंड नरहरपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत बनसागर निवासी स्व. सुकोनबाई मंडावी का आकस्मिक निधन हो गया, वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रही थी। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम बनसागर में संपन्न हुआ, जिसमें परिवारजन, रिश्तेदार एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# मोदी की पहल से अटल की संकल्पना हो रही साकार, खिलाड़ियों को मिला अवसर

## स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का नरहरदेव पीएमश्री शाउमावि के प्रांगण में समापन हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिला प्रशासन तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वाधान में लोकसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव के दो दिवसीय आयोजन का नरहरदेव पीएमश्री शाउमावि के प्रांगण में समापन हुआ। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअली रूप से जुड़कर विभिन्न राज्यों के खिलाड़ियों से सीधा संवाद किया तथा उनकी हौसला अफजाई की और साथ ही देशभर के खिलाड़ियों एवं आम जनता को संबोधित भी किया।

मुख्य अतिथि की आसंदी से सासंद ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव देश के खिलाड़ियों के हुनर को दिशा एवं दशा देने का सशक्त माध्यम है। प्रधानमंत्री मोदी की उक्त पहल से समाज, प्रदेश और देश को निश्चित तौर पर मान बढ़ेगा। उन्होंने आगे कहा कि देश के महान विचारक, कवि तथा भारत रत्न से सम्मानित पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती पर इस खेल का आयोजन होना उनको सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं भी दी। विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित विधायक ने संबोधित करते हुए कहा कि खेलो के जरिए लोगों को परस्पर जोड़ना तथा खेल प्रतिभाओं को उचित प्लेटफॉर्म देना ही सांसद खेल महोत्सव का उददेश्य है। उन्होंने उपस्थित प्रतिभागियों और नागरिकों को नसीहत देते हुए कहा कि आधुनिक संचार माध्यमों ने मानव जीवन को एकाकी बना दिया है तथा खेल ही वह जरिया है, जिससे लोगों में परस्पर समीपता आएगी। इस अवसर पर मंचस्थ अतिथियों द्वारा सभी विजेता प्रतिभागियों को मैडल, स्मृति चिन्ह तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके पहले, प्रधानमंत्री ने सांसद खेल महोत्सव में सम्मिलित असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु तथा हरियाणा के खिलाड़ियों से वर्चुअल माध्यम से संवाद करते हुए विभिन्न खेलों में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल करने की शुभकामनाएं दीं।



उल्लेखनीय है कि उक्त दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता में तीन आयु वर्गों में एथलेटिक्स, कबड्डी, खो-खो, व्हॉलीबॉल, गेड़ी दौड़, गिल्ली डंडा तथा रस्साकसी खेलों में प्रतिस्पर्धा आयोजित की गई। उक्त खेल प्रतियोगिता में कांकेर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी आठ विधानसभा क्षेत्र के 800-800 पुरूष एवं महिला प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिसमें विजेता खिलाड़ियों को शील्ड, मोमेन्टो और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सांसद खेल महोत्सव के समापन अवसर पर मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा, जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तारा ठाकुर, नगर पलिका अध्यक्ष अरूण कौशिक सहित कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर, जिला पंचायत सीईओ हरेश मण्डावी, पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले एवं शिशुपाल शोरी, एसडीएम अरूण वर्मा के अलावा खेल एवं स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी तथा विभिन्न विधानसभा से पहुंचे खिलाड़ी और कोच काफी संख्या में उपस्थित रहे।

## सफलता : अपराध मुक्त समाज बनाने के लिए जारी किया वाट्सएप हेल्पलाइन नंबर

# जिले में नक्सलवाद गिन रहा अंतिम सांसें, केवल 20-25 नक्सली ही बचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले में नक्सल उन्मूलन को लेकर पुलिस का अभियान निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुका है। नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने मीडिया की पहली मुलाकात में स्पष्ट शब्दों में कहा कि जिले में अब मात्र 20 से 25 नक्सली ही शेष बचे हैं और उन्हें खत्म करने के लिए सुरक्षा बलों के ऑपरेशन लगातार जारी रहेंगे। एसपी ने नक्सलियों को दो टूक संदेश देते हुए कहा कि अब भी समर्पण का मौका खुला है, लेकिन इसके बाद कार्रवाई और तेज की जाएगी।

- नक्सलवाद के खात्मे के लिए ऑपरेशन चलते रहेंगे
- नक्सली खात्मे की डेडलाइन के पहले समर्पण करने का है मौका

नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक ने मीडिया से चर्चा के दौरान बताया कि नक्सल सेल से मुझे मिले फीडबैक के तहत बीते महीनों में चलाए गए सघन नक्सल विरोधी अभियानों से जिले में नक्सलियों की कमर टूट चुकी है। कई शीर्ष कैडर या तो मारे जा चुके हैं या फिर आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौट आए हैं। वर्तमान में जिले में सीमित संख्या में नक्सली सक्रिय हैं, जिन पर सुरक्षा बलों की पैनी नजर बनी हुई है। जिले के दुर्गम और संवेदनशील इलाकों में लगातार सर्चिंग और एरिया डोमिनेशन ऑपरेशन लगातार चलते रहेंगे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि शांति और विकास में बाधा डालने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। एसपी के इस बयान से साफ है कि जिला प्रशासन नक्सलवाद को जड़ से खत्म करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और आने वाले समय में जिले को नक्सल मुक्त बनाने की दिशा में और ठोस कार्रवाई देखने को मिलेगी




### अपराध मुक्त समाज को लेकर जारी किए पोस्टर

नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने मीडिया से बात करते हुए अपराध मुक्त समाज की ओर एक कदम के शीर्षक का पोस्टर जारी किया, जिसमें अपराधिक गतिविधि अथवा अपराध में संलिप्त व्यक्तियों की जानकारी देने के लिए वाट्सएप हेल्पलाइन नंबर 94791-55125 उल्लेखित है। इस नंबर को जारी करने को लेकर कहा कि मेरा मानना है कि अपराध पर प्रभावी नियंत्रण तभी संभव है, जब समाज और पुलिस मिलकर कार्य करें। इसी सोच को साकार करने के लिए यह व्हाट्सएप हेल्पलाइन शुरू की गई है, ताकि नागरिक बिना किसी झिझक के अपनी बात पुलिस तक पहुंचा सकें। इस नंबर पर प्राप्त होने वाली प्रत्येक सूचना पर मेरी सतत निगरानी में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।




### आत्मसमर्पण करने का अभी भी है मौका

नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक ने नक्सलियों से अपील करते हुए कहा कि जो लोग हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लौटना चाहते हैं, उनके लिए शासन की आत्मसमर्पण नीति अब भी खुली है। समर्पण करने वालों को नियमानुसार सुरक्षा, पुनर्वास और रोजगार से जोड़ने की सुविधा दी जाएगी।

### नशे पर किया जाएगा नियंत्रण

जिलेभर में सूखा नशा की बढ़ती हुई प्रवृत्ति पर नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इस पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही किया जाएगा और इसके चैन को यहाँ तक नहीं, नशा जहाँ से आया है, उसकी अंतिम कड़ी तक कार्यवाही किया जाएगा, किसी को बख्शा नहीं जाएगा।

### थाना स्तर पर ही समस्या का होगा समाधान

नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मेरा उद्देश्य यह होगा कि थाना स्तर पर आने वाली शिकायत थाना स्तर पर ही निराकरण हो जाए, वो शिकायत एसडीओपी, एएसपी और एसपी कार्यालय तक नहीं पहुँचना चाहिए। इस पर मेरा फोकर रहेगा।




### हत्या का फरार आरोपी गिरफ्तार, जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल/विश्रामपुरी

जिले के विश्रामपुरी थाना क्षेत्र के ग्राम चनाभर्री के जंगल में 6 दिसंबर को मिली सिरकटी लाश के मामले में फरार आरोपी के पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। लछिन्दर पांडे निवासी ग्राम बाड़ागाँव के साथ हुए मामूली विवाद के चलते हत्या के मामले में विश्रामपुरी पुलिस व सायबर सेल की टीम ने 8 दिसंबर को मुख्य आरोपी श्यामलाल नेताम को गिरफ्तार कर लिया था। वही उसका छोटा भाई रामू नेताम घटना दिनांक से लगातार फरार चल रहा था। रामू नेताम को 24 दिसंबर को धमतरी जिले के खैरभर्री गांव से गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी से हुई पूछताछ में उसने अपने बड़े भाई श्यामलाल के साथ मिलकर लछिन्दर पांडे की हत्या करना स्वीकार किया है। आरोपी रामू नेताम पिता गंगाराम नेताम उम्र 24 वर्ष निवासी कुररूभाट थाना विश्रामपुरी को विधिवत गिरफ्तार करते हुए न्यायालय में पेश किया गया। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

**कार्रवाई में इनकी रही अहम भूमिका-** सम्पूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी उ.नि. विनोद नेताम, सउनि. रमेष निषाद, प्रधान आर. मंगेश मंडावी, सियाराम मरापी, आर. जम्मू मरकाम, रमेष नेताम एवं शिवनाथ बर्वे का विशेष योगदान

## लायोर महादेव मानसगान के समापन में प्रतिभागी मंडलियां हुईं पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

ग्राम पंचायत झिटकाटोला के इमली मोड़ स्थित ऐतिहासिक स्थल लायोर महादेव चेलिक दाहरा में आयोजित तीन दिवसीय संगीतमय मानस गान सम्मेलन का बुधवार देर शाम भव्य समापन हुआ। भक्ति और आस्था के इस संगम में क्षेत्र की दर्जनों रामायण मंडलियों ने अपनी प्रस्तुति से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।



कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य देवेंद्र टेकाम ने भगवान महादेव और श्रीराम की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। रामायण केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने का आधार है। ऐसे आयोजनों से हमारी नई पीढ़ी को अपनी समृद्ध संस्कृति और संस्कारों को जानने-समझने का अवसर मिलता है। मुख्य अतिथि ने आयोजन की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि झिटकाटोला, हाटकोंदल, भीरावीही और वेयनर जैसे क्षेत्रों का यह मिलन बिंदु एक संगम स्थल की तरह नजर आता है। उन्होंने देर रात तक बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं की सराहना करते हुए कहा कि यह आयोजन आपसी भाईचारे और परिवार की सुख-शांति के लिए एक महत्वपूर्ण कड़ी है। तीन दिनों तक चले इस मानस गान महोत्सव में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली मंडलियों को स्मृति चिन्ह और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। आयोजन समिति ने सभी कलाकारों और ग्रामीण जनों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संरक्षक जितेंद्र जायसवाल, बृजलाल कोमरा, समिति अध्यक्ष बुधावर सिंह ठाकुर, मानसिंह कोसमा, अवध राम निर्मलकर, कन्हैया ठाकुर, यशवंत प्रसाद तिवारी, राकेश हरिहाननो, कमल ठाकुर, गेंदसिंह जैन, युवराज पटेल, दुर्गेश देवांगन, सरपंच हरिषा सरोज मण्डावी सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## अटलबिहारी जयंती पर अटल परिसर व प्रतिमा का लोकापर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरहरपुर



पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के पावन अवसर पर प्रदेश के विभिन्न निकायों में अटल की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मुख्य आतिथ्य मे वर्चुअल अटल परिसर का लोकार्पण किया गया। नगर पंचायत नरहरपुर में भी उनके नाम पर निर्मित अटल परिसर का भव्य लोकार्पण किया गया। इसी अवसर पर अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण नगर पंचायत उपाध्यक्ष दिनेश पटेल एवं पार्षद मुकेश संचेती द्वारा विधिवत रूप से किया गया।

यह क्षण नगर के लिए गौरवपूर्ण और ऐतिहासिक रहा। प्रतिमा अनावरण के पश्चात अतिथियों ने अटल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष दिनेश पटेल ने अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन पर प्रकाश डाला। पार्षद मुकेश संचेती ने कहा कि आज अगर हमारी पहचान में हम छत्तीसगढ़ लिखते हैं तो यह गौरव छत्तीसगढ़ राज्य बनाकर हमें अटल बिहारी वाजपेयी ने दिया है। अटल बिहारी वाजपेयी का जीवन राष्ट्रसेवा, सुशासन और लोकतांत्रिक मूल्यों का प्रतीक है। उनके विचार आज भी देश को दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। अटल के नाम पर बने इस परिसर और उनकी प्रतिमा से आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा मिलेगी तथा अटल बिहारी वाजपेयी के कृतित्व और व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला गया तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष संतोष भास्कर लक्ष्मी, नारायण साहू, पुष्पा मंडावी, पार्षद भागवत शोरी, विकास जैन, रंगिता उईके, नरसो कल्लो, आशा रावटे, गोपाल साहू, तरुण निषाद, निरंजन सिन्हा, विजयेंद्र शुक्ला, आशा राम जूरी, गजरू राम प्रजापति, राम भरोस सिन्हा, पुष्कर सिन्हा, जसराज चोपड़ा, अघन मरकाम, दीपक यादव, तहसीलदार पोरस वेंताल, सीएमओ रोशन ठाकुर, सीईओ वासुदेव सुखदेव, चन्द्रहास सिन्हा, पंचूराम साहू, मदन मोहन शर्मा, नितेश मगेद्र, रामू साहू, मोहन कुंजाम, आसकरण ध्रुव, हेमंत साहू, मनोरमा साहू, उमा सिन्हा, लता जैन, शिल्पा साहू आदि उपस्थित हुए।



## मुख्यमंत्री ने भानुप्रतापपुर नपं के नवनिर्मित अटल परिसर का वर्चुअल किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता, भारत रत्न स्व अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृतियों को चिरस्थायी बनाने उनके जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर भानुप्रतापपुर नगर पंचायत में नवनिर्मित अटल परिसर का लोकार्पण किया गया। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती के अवसर पर 25 दिसंबर को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राजधानी रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से वर्चुअल माध्यम से अटल परिसर का लोकार्पण किया।

- अटल परिसर को मनोरंजक एवं सामाजिक-सांस्कृतिक स्थल के रूप में विकसित किया गया

नगर के अस्पताल रोड स्थित पीएचई कार्यालय के सामने स्थापित अटल बिहारी वाजपेयी की भव्य प्रतिमा का अनावरण एवं अटल परिसर के लोकार्पण अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अटल की प्रतिमा स्थापना के साथ-साथ पूरे परिसर का आकर्षक सौंदर्यीकरण किया गया है। अटल परिसर नागरिकों के लिए एक आकर्षक, मनोरंजक एवं सक्रिय सामाजिक-सांस्कृतिक स्थल के रूप में विकसित किया गया है। परिसर में हरियाली, बैठने की सुविधा, फ्लड लाइट, वॉल लाइट एवं प्रोफाइल लाइट को रंग-बिरंगी रोशनी के साथ स्थापित किया गया है, जो रात्रि में परिसर को मनमोहक रूप से जगमगाता है। साथ ही अटल बिहारी वाजपेयी जी की प्रतिमा के समीप उनकी जीवनी एवं जीवन दर्शन को उकेरते हुए सुंदर चित्रकारी की गई है, जिससे नागरिक उनके विचारों, राष्ट्रभक्ति एवं सुशासन के आदर्शों से प्रेरणा ले सकें। अतिथियों ने भारत रत्न स्व अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।



इस अवसर पर वक्ताओं ने अटल के व्यक्तित्व और विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे केवल प्रधानमंत्री ही नहीं, बल्कि एक महान राष्ट्रनिर्माता, कुशल प्रशासक और लोकतांत्रिक मूल्यों के सशक्त प्रहरी थे। उनका जीवन सरलता, संयम और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक रहा। उन्होंने लोकतंत्र की गरिमा को सदैव सर्वोपरि रखा और राजनीति में संवाद, सहमति एवं शुचिता की परंपरा स्थापित की। वक्ताओं ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में भारत ने विकास, सुशासन और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान प्राप्त की। उनके आदर्श आज भी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। इस अवसर पर सभी ने अटल जी के विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष गजानंद डडसेना, पार्षद राजिंदर रंधावा, विजय धामेचा, रूपेंद्र मरकाम, मंदीप कौर ढींढसा, सुमित्रा साहू, भगवान सिंह कुंजाम, निशा तिवारी, राजकुमार यादव, गुमान सिंह ठाकुर सहित अनंत गोपाल कोठारी, नरेश जैन, प्रदीप जैन, नरोत्तम सिंह चौहान, जुगल किशोर शर्मा, नरेंद्र शर्मा, हेम प्रकाश शिवहरे, अभय पांडे, प्रमिला शोरी, सीता चंद्राकर, एकांत चौहान, नगर पंचायत सीएमओ आईपी पटेल, इंजीनियर हिमांशु कावड़े, राजकुमार पारकर, नरेंद्र ठाकुर, सोनू मालेकर, नगर पंचायत की स्वच्छता दीदी, समस्त नगर पंचायत कर्मचारी एवं नगरवासी उपस्थित रहे।

## आम सभा में महिला व पुरुष समानता का संदेश दिया

# जेंडर कैंपेनिंग में लैंगिक भेद मिटाने व बेटियों से आगे बढ़ने का आव्हान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

राष्ट्रीय आजीविका मिशन के अंतर्गत 20 दिसंबर को पहचान महिला क्लस्टर संगठन ग्राम हाटकोंदल में जेंडर कैंपिंग आम सभा का आयोजन किया गया। इस सभा का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में महिला व पुरुष समानता, लैंगिक भेदभाव की समाप्ति तथा महिलाओं के सामाजिक व आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना रहा।



सभा को संबोधित करते हुए जनपद के उपाध्यक्ष आनंद तेता ने कहा कि हम इक्कीसवीं सदी में जी रहे हैं, जहां सरकार ने महिला और पुरुष को समान अधिकार और दर्जा दिया है। अब पुरुष प्रधान सोच की कोई जगह नहीं रह गई है। पर्दा प्रथा जैसी कुप्रथाएं समाप्त होनी चाहिए और महिलाओं को हर क्षेत्र में बराबरी का अवसर मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं राजनीति, खेल, शिक्षा और सरकारी सेवाओं में पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही हैं। लड़कों की तुलना में अधिक लड़कियां शिक्षा प्राप्त कर रही हैं, जो समाज के लिए सकारात्मक संकेत है। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि बेटा बेटी में भेदभाव न करें और बेटियों को भी आगे बढ़ने का पूरा अवसर दें। जनपद के सीईओ सुरेंद्र बंजारे एवं बीपीएम नंदनी दीवान ने कहा कि आज बेटियां हर क्षेत्र में अपनी ताकत और क्षमता साबित कर चुकी हैं। वे अंतरिक्ष से लेकर धरती के हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं, इसलिए समाज से लैंगिक भेदभाव को जड़ से समाप्त करना आवश्यक है। वक्ताओं ने कहा कि महिलाओं को घर की चारदीवारी से बाहर निकलकर आर्थिक गतिविधियों में भागीदारी करनी चाहिए। स्व-सहायता समूहों के माध्यम से महिलाएं न केवल अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति कर सकती हैं, बल्कि आत्मनिर्भर बनकर परिवार और समाज को भी मजबूत कर सकती हैं। कार्यक्रम में पीआरपी ममता ठाकुर, वार्ड पंच, गायता, क्लस्टर अध्यक्ष रामप्यारी गोटी, कृति भालेश्वर, भानबाई सांगड़े, तुलेशवरी गड़िया सहित एफएलसीआरपी, कृषि सखी, पशु सखी, बैंक सखी, जेंडर सीआरपी, विभिन्न ग्राम संगठनों की पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में समूह की महिला सदस्य उपस्थित रहीं।